2093.सही कथन पर चिन्ह लगाइये –

(a) सिमको माल डिब्बा कारखाना भरतपुर में 8 वर्ष के बाद पुनः शुरू हो गया है

(b) सिमको कारखाना को भिवाड़ी में यात्री डिब्बा निर्माण के लिए शुरू किया गया है

(c) सिमको कारखाना अलवर में बस व ट्रक के नीचे के ढांचे का निर्माण करती है

(d) सिमको कम्पनी एशिया के देशों में यात्री डिब्बों के निर्यात में संलग्न है

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या – सिमको (बिड़ला ग्रुप का) माल डिब्बा कारखाना भरतपुर में है। इसे 8 वर्ष के बाद फिर शुरू किया गया था।

2094.राजस्थान में जन्में एक उद्योगपति ने 1920 ई. में सी. वी. रमन को इनकी महत्वपूर्ण शोध के लिए 22,000 रुपये की सहायता जुटाई जिसके कारण इन्हें नोबेल पुरस्कार मिला; वह है:

(a) पुरुषोत्तम दास बजाज (b) जमशेदजी टाटा

(c) मगनीराम बांगड़ (d) घनश्याम दास बिड़ला

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या – घनश्याम दास बिड़ला देश एवं राजस्थान के प्रमुख उद्योगपति थे। ये बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पिलानी के संस्थापक थे एवं राज्य उद्योग के अनेक क्षेत्रों को गति प्रदान करने में इनकी महती भूमिका रही। इन्होंने सी. वी. रमन के शोध के लिए सहायता राशि जुटाई थी। इस कार्य हेतु इन्हें नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

2095.जो सही नहीं है, उसे निकाल दीजिए –

(a) रूडा ग्रामीण गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने हेतु कार्य कर रहा है

(b) ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेन्ट प्रमोशन, लघु उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए एक एजेन्सी है

(c) रीको राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने वाली एक शीर्ष संस्था है

(d) राजस्थान लघु उद्योग निगम, लघु उद्योग एवं हस्तशिल्प उद्योगों के प्रोत्साहन हेतु कार्यरत है

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या – उद्योग संवर्द्धन ब्यूरो (BIP Bureau of Investment promotion) मध्यम एवं वृहद श्रेणी की परियोजना हेतु राज्य की एक विनियोग प्रोत्साहन संस्था है, जो परियोजना की अवधारणा के अनुसार इसके क्रियान्वयन हेतु हर प्रकार से सहायता देती है।

2096.रिडकोर (Ridcor) है –

(a) रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेन्ट कम्पनी ऑफ राजस्थान

(b) रेल इन्फोरमेशन डाउनलोड कार्पोरेशन ऑफ राजस्थान

(c) राजस्थान इन्डोर डेकोरेशन कार्पोरेशन ऑफ रेल्वेज

(d) रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेन्ट कार्पोरेशन ऑफ राजस्थान

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या – रिडकोर (Ridcor) : रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेन्ट कम्पनी ऑफ राजस्थान है।

2097.कौन-सा शहर राजस्थान का `मानचेस्टर' कहा जा सकता है?

(a) कोटा (b) पाली (c) ब्यावर (d) भीलवाड़ा

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या – भीलवाड़ा को `राजस्थान का मानचेस्टर' कहा जा सकता है। राज्य में सूती वस्त्र मिलों की संख्या 28 है। इनमें 14 निजी क्षेत्रों में, 7 संयुक्त क्षेत्र में 4 सहकारी क्षेत्र में और 3 राष्ट्रीय कपड़ा निगम के अधीन है। इन मिलों में 7 भीलवाड़ा, 5-6 अलवर और उदयपुर में, 4 अजमेर में, 2-2 गंगानगर एवं बांसवाड़ा में तथा जोधपुर, पाली, जयपुर, सिरोही व कोटा प्रत्येक जिले में एक-एक सूती वस्त्र मिल स्थापित है।

2098.राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (रीको) ने एक जापानी कम्पनी से नीमराणा औद्योगिक क्षेत्र में जापानी इकाईयां स्थापित करने के लिए MOU हस्ताक्षरित किया है। वह जापानी कंपनी है –

(a) जैट्रो (b) हैट्रो

(c) होण्डा सिआल (d) मित्सुबीसी

उत्तर : (d)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या – राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (रीको) जो राज्य के औद्योगिक विकास के लिए स्थापित संस्थान है, ने जापानी मित्सुबीसी नामक आटोमोबाइल कंपनी से MOU (पारस्परिक समझौते) के अंतर्गत नीमराणा के औद्योगिक क्षेत्र में एक इकाई स्थापित करने की सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया गया था।

2099.एक कार कंपनी को कारें बनाने के लिए खुशखेड़ा (भिवाड़ी) में 600 एकड़ भूमि आबंटित की गई है। यह कंपनी है –

(a) फोर्ड (b) टोयाटा

(c) होण्डा सिआज (d) वोल्कसवेगन

उत्तर : (c)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या – राजस्थान के अलवर जनपद में स्थित खुशखेड़ा (भिवाड़ी) नामक औद्योगिक क्षेत्र में जापानी कार मोटर्स कंपनी होण्डा सियाज के लिए राजस्थान सरकार ने 600 एकड़ भूमि आबंटित किया है, जहां कंपनी अपनी कार बनाने का कारखाना स्थापित किया। जिससे प्रदेश के लोगों को रोजगार भी मिला।

2100.भिवाड़ी का कहरानी अभी हाल खबरों में रहा –

(a) सेन्ट गोबेन ग्लास फैक्ट्री के कारण

(b) दिव्या फार्मसी के कारण

(c) टोयोटा मोटर्स के कारण

(d) राजीव गांधी ग्रामीण एल.पी.जी. वितरण योजना के कारण

उत्तर : (a)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या – अलवर में स्थित भिवाड़ी के कहरानी नामक औद्योगिक क्षेत्र में सेन्ट गोबेन ग्लास फैक्ट्री अपनी दूसरी यूनिट लगाने की योजना बना चुकी है, जिसके प्रथम चरण में एक हजार करोड़ रुपये निवेश किये जायेंगे।

2101. रीको ने चार एग्रो-फूड पार्क विकसित किए हैं ताकि –

(a) कृषिगत वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके

(b) कृषि में विनियोग संवर्द्धन का कार्य करे

(c) कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने

(d) खाद्य भंडारण की सुविधाओं में वृद्धि करे

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2012